तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 4 अक्टूबर 2024



11 सिवनी में लगा प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट गांधी जयंती पर ...



12 जिले में स्वच्छता के क्षेत्र उत्कृष्ट कार्य ...







## नवरात्रि विशेष



### द्वितीयः ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-
दधाना
करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

## भक्ति : नवरात्रि के प्रथम दिवस शुभ मुहूर्त में की गई घट स्थापना

# शक्ति की भक्ति में डूबा अंचल, आस्था की हजारों ज्योति से जगमग हुए माता के मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शारदीय नवरात्रि गुरुवार से शुरू हो गई। इस अवसर पर देवी मंदिरों में शुभ मुहूर्त पर ज्योति कलश की स्थापना की गई। वहीं, विभिन्न स्थानों पर बनाए गए पंडालों में माता के विभिन्न स्वरूपों में मूर्तियों की स्थापना कर पूजा-अर्चना की जा रही है। नवरात्रि की शुरुआत के साथ ही अब पूरे 9 दिन अंचल के लोग शक्ति की आराधना में डूबे रहेंगे।

अंचल के बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में इस वर्ष कुल 186 ज्योति प्रज्ज्वलित करवाई गई हैं।इनमें धनोरा तथा आसपास के गांवों के अलावा अन्य जिलों एवं राज्यों के साथ ही दूसरे देशों से भी भक्तों ने ज्योति जलवाई है। यहां राजनांदगांव धमतरी बालोद उड़ीसा रायपुर बेमेतरा जिलों के साथ ही महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश तथा हरियाणा के साथ ही कनाडा और अमेरिका से भी भक्तों ने दीप जलवाए हैं। दोपहर 12 बजे दरबार के लक्ष्मण बाबा एवं पंडित विनय शर्मा ने विधी विधान एवं मंत्र उच्चारण के साथ घट स्थापना की। उसके बाद नंद पंडा ने चकमक से आग पैदा कर, फिर उसी आग से ज्योति जलाई गई।

दरबार में प्रतिदिन रात्रि 7 बजे से 10 बजे तक माता सेवा हेमन्त तेली भजन एवं माता सेवा गायक एवं गुलाब साहू की मंडली द्वारा की जाएगी। दरबार प्रतिनिधि चंद्रकांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू बताया कि दीप प्रज्वलन के अवसर पर दरबार के लक्ष्मण बाबा, नंद पंडा, विनोद साहू, राजू यादव, गुलाब साहू, मनसुखा साहू बबलू साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।









### निर्माणस्थलों से पंडाल तक इस तरह पहुंचीं मां दुर्गा

गुरूर। शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस अंचल में माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई। इस दौरान माता की प्रतिमा को पंडाल तक ले जाने भक्तों द्वारा पूरी सावधानी बरती गई। यह तस्वीर ग्राम धानापुरी में स्थापित होने वाली प्रतिमा की है, जिसे भक्त धूल व मिलों से निकलने वाले काले धुएं से बचाने के लिए प्लास्टिक से सुरक्षित ढंककर ले जा रहे हैं। यह प्रतिमा धानापुरी से पैतीस किलोमीटर दूर ग्राम सनौद से लाई गई।

### अंचल के देवी मंदिरों में जगमगाई ज्योति

बालोद। जिले के प्रमुख दार्शनिक स्थलों में प्रमुख ग्राम झलमला स्थित गंगा मईया मंदिर, ग्राम नारागांव स्थित सियादेवी मंदिर, रानी माँ मंदिर व ग्राम पेटेचुवा स्थित कंकालीन मंदिर में नवरात्रि के पावन पर्व का शुभारम्भ पूजा अर्चना व ज्योति प्रज्जवलित कर किया गया। जहाँ सैकड़ों श्रद्धालु मनोकामना लेकर मत्था टेकने पहुंचे। क्वांर नवरात्रि के अवसर पर ग्रामीण अंचलों में समिति के माध्यम से तथा शीतल मंदिरों में दुर्गा माताजी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना व ज्योत जंवारा की स्थापना की गई है। झलमला स्थित गंगा मईया मंदिर में क्वांर नवरात्रि के अवसर पर मंदिर प्रांगण में दुकानदारों की भीड़ लगी है। इसके कारण मेले जैसा अनुभव होने लगा है। यहाँ 900 दीप प्रज्जवलित की गई हैं।



सियादेवी मंदिर में क्वार नवरात्रि के अवसर पर झालर लाइट के साथ भव्य डेकोरेशन किया गया है। यहां कुल 417 आस्था दीप प्रज्ज्वलित की गई है। इस बीच सियादेवी मंदिर में एसडीएम प्राची ठाकुर, तहसीलदार हनुमत श्याम, नायब तहसीलदार रमेश मंडावी ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान मंदिर प्रबंधक अरुण साहू सहित समिति के सदस्य गण उपस्थित थे।

### देवी मंदिरों में जगमगाई ज्योति

गुरूर। शारदीय नवरात्रि गुरुवार से शुरू हो गई है। ब्लॉक के देवी मंदिरों में श्रद्धा भाव व वैदिक मंत्रों के साथ शुभ मुहूर्त पर मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्ज्वलित किए गए। गांव–गांव में देवी मां की प्रतिमाओं की स्थापना की गई। धार्मिक पर्यटन स्थल सियादेवी मंदिर, कनेरी कंकालिन मंदिर, दुर्गेश धाम मंदिर, चण्डी मंदिर कंवर, पेटेचुआ कंकालिन मंदिर, काल भैरव देउर मंदिर सहित देवी मंदिरों में भी आस्था के ज्योत जलाए गए। पहले दिन सुबह से माता के भक्तों ने अपने घरों व मंदिरों में रंगोली बनाकर देवी मां का स्वागत किया। नवरात्रि के 9 दिन भक्त माता की आराधना में लगे रहेंगे। 9 दिनों तक सेवा जस भजन से माता रानी की सेवा करेंगे। ग्रामीण इलाकों के मंदिरों को भी रंग–बिरंगी रौशनी से सजाया गया है। कनेरी की कंकालिन मंदिर में आस्था के जोत जलाए गए हैं, जहां घी ज्योत 35, तेल ज्योत 485 आस्था की ज्योत जलाए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### देवारभाट में योग तपस्या कार्यक्रम आज

बालोद। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के तत्वावधान में संस्कार परिवर्तन से संसार परिवर्तन योग तपस्या का आयोजन किया जा रहा है।



इसके तहत राजयोगी ब्रह्माकुमार आत्मप्रकाश भाई का बालोद आगमन 4 अक्टूबर को हो रहा है। देवारभाट में सुबह 7 बजे से रात्रि 8 बजे तक योग तपस्या कार्यक्रम चलेगा। भ्राता आत्मप्रकाश ने नागपुर विश्व विद्यालय से 1973 में एमएससी स्वर्ण पदक के साथ पास किया। सन 1976 में माउंट आबू मुख्यालय में अपना जीवन ईश्वरीय सेवार्थ समर्पित किया। उन्होंने भारत के सभी प्रान्तों में ईश्वरीय सेवार्थ भ्रमण किया है और राजयोग पर क्लासेस कराए हैं।

### तहसील पेंशनर समाज अर्जुंदा की बैठक कल

बालोद। तहसील पेंशनर समाज अर्जुंदा की बैठक 5 अक्टूबर को रखी गई है। बैठक में स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा भरदाकला के शाखा प्रबंधक इशा मेश्राम द्वारा पेंशनरों को पेंशन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करेंगे। सचिव सीएल देवांगन ने सभी पेंशनरों से बैठक में शामिल होने का आग्रह किया है।

### भारतीय किसान संघ की बैठक आज

बालोद। भारतीय किसान संघ की जिला स्तरीय बैठक झलमला के साहू समाज कर्मा मंगल भवन घोटिया चौक के पास 4 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे रखी गई है। बैठक में सभी ब्लाक के पदाधिकारी व समस्त किसान सम्मिलित होंगे। बैठक में बालोद जिला अध्यक्ष व पदाधिकारियों का गठन किया जाएगा।

### कलंगपुर में मंतरा म्यूजिक आर्केस्ट्रा की प्रस्तुति आज

बालोद/कलंगपुर। क्वांर नवरात्रि के अवसर पर नवदुर्गोत्सव समिति बस स्टैंड एवं ग्रामवासी कलंगपुर द्वारा बाजार स्थल पर पंडाल में मां दुर्गा की मूर्ति स्थापना कर ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। पन्नालाल साहू एवं समिति ▶▶| शेष पेज 10

## स्वास्थ्य केन्द्र दूबचेरा में की गई बुजुर्गों की आंखों की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम रेंधनी स्वास्थ्य केन्द्र दूबचेरा में वयोवृद्ध नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बुजुर्गों की नेत्र जांच की गई। इसमें 8 लोगों की आंखों में मोतियाबिन्द मिले, जिन्हें आपरेशन के लिए चयन किया गया। नेत्र जांच सहायक अधिकारी सोनता दिवान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दूबचेरा द्वारा की गई। आपरेशन के लिए सभी मरीजों को जिला या गैर सरकारी संस्था में ले जाया जाएगा। शिविर में स्वास्थ कार्यकर्ता, मितानीन एवं ग्रामीणों का सहयोग रहा। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एमके सूर्यवंशी, सहायक नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं ग्राम स्तर पर वयोवृद्ध जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन 30 सितंबर से 5 अक्टूबर तक किया जा रहा है।

एक करोड़ पंद्रह लाख की राशि से होंगे विभिन्न निर्माण कार्य

## नगर पंचायत डोंडी के 15 वार्डों का होगा कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

नगर पंचायत डोंडी अंतर्गत नगर के 15 वार्डों में एक करोड़ पंद्रह लाख की राशि से विकास कार्य होंगे। वार्डवासियों द्वारा निर्माण कार्यों की निरंतर मांग को देखते हुए वार्डों में नाली निर्माण कार्य एवं सड़क निर्माण कार्य कराए जाएंगे।

निर्माण कार्य हो जाने से वार्डवासियों को आवागमन के लिए मूलभूत सुविधा प्राप्त होगी। नगर पंचायत अध्यक्ष सोमेश सोरी ने बताया कि नगर विकास के तहत वार्डों की समस्याओं को चिन्हित करते हुए अतिअवश्यक कार्यों को प्रथामिकता की श्रेणी में रखा गया है। नगर परिषद के विशेष सम्मेलन बैठक एवं पीआईसी बैठक में सर्वसम्मति से लिए निर्णय के अनुसार निकाय द्वारा विगत माह में प्रशासकीय एवं शासकीय औपचारिकताओं की पूर्ति करते हुए निविदा आमंत्रित की गई है। नगर विकास के तहत ठेकेदारों को निर्माण कार्य के कार्यादेश जारी कर दिए गए हैं।



**ये होंगे निर्माण कार्य :** नगर परिषद के अंतर्गत होने वाले निर्माण कार्यों में वार्ड क्रमांक 13 में बस स्टैण्ड से धोबीनाला तक सड़क के दोनों ओर टुबेरलर पोल विद्युतीकरण 18.45 लाख, वार्ड 01 मुक्तिधाम से तहसील ऑफिस तक सड़क के दोनों ओर विद्युतीकरण 19.06लाख,, बस स्टेण्ड से मथाई चौक सड़क के दोनों ओर विद्युतीकरण 50.00 लाख, वार्ड 12 न्यापारा में चबूतरा निर्माण 2.94लाख, वार्ड 05 प्री मेट्रिक छात्रावास के पीछे श्याम लाल सोनी घर तक आर सी सी नाली निर्माण 9.16लाख, वार्ड 09 मिडिल स्कुल से साहेब तालाब तक सी सी रोड निर्माण 10.34 लाख, कामनवर्क शेड निर्माण कुम्भार समाज भवन के पास 5 लाख में। इसके साथ ही अन्य निर्माण किए जाने हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष सोमेश सोरी, मंडल अध्यक्ष मनीष झा, वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश अग्रवाल, नपा उपाध्यक्ष रुपेश नायक, ममता जैन, पिन्टू दुबे, संजीव मानकर, मातरम दास कोसरे, लेखपाल वाहने, शेखर की उपस्थिति में भूमिपूजन किया गया।

## विद्यालय समय पर गेट में मिला ताला, न शिक्षक मिले, न बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर स्थित ग्राम मरकाटोला प्राथमिक शाला दोपहर 1:30 बजे बंद मिली। इसकी सूचना इस प्रतिनिधि ने शिक्षा विभाग को दी। तब तक शिक्षा विभाग आधे समय पर ही स्कूल बंद होने की घटना से अनजान था।

मरकाटोला प्राथमिक शाला राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है। ताजा मामला गुरूवार 3 अक्टूबर का है, यहां दोपहर डेढ़ बजे स्कूल में जब यह प्रतिनिधि पहुंचा, तो स्कूल में ताला लगा हुआ था। न बच्चे थे, न शिक्षक। मामले की जानकारी तत्काल जिला शिक्षा अधिकारी को देने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने बैठक में होने का हवाला देकर फोन काट दिया।

खण्ड शिक्षा अधिकारी को मामले की जानकारी देने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन उस समय नहीं लगा। शिक्षा कार्यालय से पता चला कि वे विभागीय दौरे पर हैं। मामले की जानकारी सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी चंदन ठाकुर एवं डीके भुआर्य को दी गई। मामले में खण्ड शिक्षा अधिकारी ललित चन्द्राकर ने कहा कि मामले में जांच की जाएगी। जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।




### विद्यालय में दो शिक्षक, एक अवकाश पर, दूसरा प्रशिक्षण में

शिक्षा विभाग के सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार को मरकाटोला प्राथमिक शाला में कुल दो शिक्षक पदस्थ हैं। उनमें एक शिक्षक अवकाश पर थे, जबकि दूसरे प्रशिक्षण पर थे। दूसरे स्कूल के एक शिक्षक को वहां व्यवस्थापन के लिए भेजा गया था, जो आए भी लेकिन, आधी छुट्टी के बाद स्कूल बंद कर चले गए।


## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100


### गंजपारा में शुरू हुई श्रीमद् देवी भागवत कथा, पहले दिन निकाली गई शोभायात्रा

## कथा करवाना नहीं, सुनना बहुत बड़ी बात है : रुचिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गंजपारा दुर्गा समिति द्वारा श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा गणेश मंदिर से शुरू होकर देवी कथा स्थल तक पहुंची। कलश यात्रा के प्रारंभ में कथा वाचक रुचिता तिवारी ने भगवान गणेश की पूजा अर्चना की।

इस अवसर पर मुख्य जजमान गोवर्धन चांडक सहित दुर्गा समिति के सदस्य व्यवस्थापक राजू पटेल, अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, सचिव मनोज चांडक, सरक्षक टिकेंद्र साहू, मीडिया प्रभारी जितेंद्र साहू, शंभू पटेल, संतोष शर्मा, गोविंद टावरी, धीरज दुबे, राजू देशमुख, बाबू भाई पटेल, जगदीश पटेल, राजा टावरी, पप्पू रघुवंशी सहित बालोद शहर के धर्म प्रेमी सम्मिलित हुए। कथा 13 अक्टूबर तक चलेगी।





### कथा सुनने आओ, तो स्वाभिमान साथ न लाओ

कथा 2 बजे से प्रारंभ हुई, कथा वाचक रुचिता तिवारी ने प्रथम दिवस पर मां का परिचय दिया, उन्होंने कहा कि बिना मां के संसार नहीं बन सकता। लाखों में किसी एक को चुनती है मां। उन्होंने कहा कि मानव देह मिला है, इसलिए हम बहुत सौभाग्यशाली हैं। उन्होंने कहा कि कथा करवाना बहुत बड़ी बात नहीं है, कथा सुनना बहुत बड़ी बात है। कथा का मतलब समस्त प्रकार के थकान को मिटा देना है, भगवान की कथा में कोई भेद नहीं होता। सभी एक ही परमात्मा है। उन्होंने कहा कि यह कथा जीव को शिव बना देती है। कोई कार्य शांति के बिना अधूरा है। इस कलयुग में कथा के कुछ नियम है। सर्वप्रथम आरती के पहले आना, दूसरा खाली हाथ मां के दरबार में नहीं आना, तीसरा कथा में आओ तो मुख मंडल में प्रसन्नता लेकर आओ, चौथा दरबार में आओ तो मस्तिष्क खाली करके स्वाभिमान शून्य करके आओ। मां की कृपा पाना है तो दिल से पुकारो, मां शब्द का बखान करेंगे, तो 9 दिन कम पड़ जाएगा। कथा को सुनना ही नहीं अपने भीतर प्रवेश करवाना होगा।

## खबर संक्षेप



### मरीन ड्राइव में जल सेवा केंद्र का शुभारंभ आज

**रायपुर।** साधक परिवार द्वारा राजधानी के तेलीबांधा तालाब किनारे मरीन ड्राइव में 4 अक्टूबर को आम जनता के लिए शीतल जल सेवा का शुभारंभ किया जायेगा। सांसद बृजमोहन अग्रवाल शाम 4 बजे पार्षदों की मौजूदगी में जल सेवा केन्द्र का शुभारंभ करेंगे। इससे पहले शहर के 4 स्थानों पर जन कल्याण को ध्यान में रखकर स्थायी वाटर कूलर की स्थापना की गई है। इनमें भाठागांव स्थित अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल परिसर, अमलेश्वर थाना के सामने, वीआईपी चौक में शीतल जल की व्यवस्था करने वाटर कूलर लगाया गया है।

### प्रदेश प्रभारी पायलट और बैज का किया स्वागत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश बढ़ते अपराध, महिलाओं पर अत्याचार, चाकूबाजी, लूटमार डकैती एवं नशाखोरी के खिलाफ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में न्याय यात्रा की शुरुआत विगत 27 सितंबर से बाबा गुरु घासीदास के जन्मस्थली तपोभूमि गिरौदपुरी से प्रारंभ होकर 130 किलोमीटर चलकर बुधवार को सुबह 12 बजे रायपुर पहुंची। राजधानी पहुंचने पर पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड पंडरी में नगर निगम के पार्षद एवं संस्कृति विभाग के भारसाधक आकाश तिवारी अपने सैकड़ों समर्थक जो हाथ में कांग्रेस का झंडा लिए युवा, वृद्धजन और बच्चे सहित वार्ड की महिलाओं ने कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, दीपक बैज जिंदाबाद के गगनभेदी नारों से प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री बैज का बीमा कार्यालय के पास निर्मित मंच पर गज माला और साफा पहना कर स्वागत किया। कार्यक्रम दौरान रायपुर उत्तर के पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### न्याय यात्रा का मिनीमाता परिसर में स्वागत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी द्वारा गिरौदपुरी धाम से गांधी मैदान तक निकाली पदयात्रा का जोन 2 अध्यक्ष बंटी होरा , पार्षद कामरान अंसारी सहित वार्डवासियों के साथ स्वागत किया। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में यह पदयात्रा निकाली गई। पंडरी स्थित मिनी माता परिसर पहुंचने पर पदयात्रा में शामिल लोगों का वार्ड के युवाओं और महिलाओं ने भव्य स्वागत किया । स्वागत में सबसे पहले मिनी माता व महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही पदयात्रियों को शरबत वितरण किया ।

### आजाद चौक में मनाई महात्मा गांधी की जयंती

**रायपुर।** आजाद चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा स्थल में बुधवार को महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के फोटो पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि कर दोनों महापुरुषों की जयंती मनाई गई। यह कार्यक्रम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था परिवार के परिजनों उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम के आरंभ में प्रतिमा में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन पीएन तिवारी, अजय जैन, छबिराम चंद्राकर, बसंत कश्यप, मुक्ति बैस, आचार्य प्रहलाद मिश्रा, पी संतोष नायडू, चंद्रहास मौर्या द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अखिलेश त्रिपाठी, मंगल सिंह, चंद्रकांत पांडे, परसराम अहीर, सुनील बाजारी, राजेन्द्र उमाठे, भारत भूषण मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## पेज 9 का शेष

### कलंगपुर में मंतरा ...

के अन्य सदस्यों ने बताया कि नवरात्रि के अवसर पर आज 4 अक्टूबर को शाम 7 बजे मंतरा म्यूजिक आर्केस्ट्रा की प्रस्तुति होगी। 8 अक्टूबर को शाम 7 बजे से भव्य जगराता कृष्णाय अर्पण भजन ग्रुप की प्रस्तुति रखी गई है।

# पर्यटन स्थलों पर आधारित प्रश्नोत्तरी में ढालेंद्र, योगेंद्र व चिकेश्वरी ने मारी बाजी

**पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम में हुई प्रतियोगिता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम में विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर विज्ञान क्लब द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पर्यटन दिवस के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए विज्ञान क्लब प्रभारी अन्नपूर्णा यादव असिस्टेंट प्रोफेसर वनस्पति शास्त्र ने कहा कि पर्यटन स्थल का सामान्य ज्ञान छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में भी मदद करती है।

इस उद्देश्य से छत्तीसगढ़ एवं भारत के पर्यटन स्थलों से संबंधित प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछे जाने वाले प्रश्नों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रथम स्थान पर बीएससी अंतिम वर्ष गणित समूह से ढालेंद्र योगेंद्र, चिकेश्वरी ने प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पर बीएससी अंतिम वर्ष जीव विज्ञान समूह से ओमेश्वरी ,दुर्गेश एवं जागृत ने द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान बीए अंतिम वर्ष के दीपेश,चित्रलेखा, लिलेश्वरी ने प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. डी.के. बैलेंद्र ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर बधाई दी। डॉ.सीमा जायसवाल असिस्टेंट प्रोफेसर वाणिज्य ने छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिताओं में शामिल होकर अपने सामान्य ज्ञान में वृद्धि करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश अतिथि व्याख्याता राजनीति शास्त्र एवं कामता प्रसाद बंजारे अतिथि व्याख्याता गणित ने किया।



### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. ओपी चंद्रा ,डॉ. शिप्पी देवांगन, जीवंतिका ठाकुर का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में पूजा सोढा, वेद प्रकाश ठाकुर, अंजू रानी ठाकुर, येवेंद्र साहू एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## गांधी व शास्त्री जयन्ती पर मधुर साहित्य परिषद की गोष्ठी में आए विचार

# मनुष्य कद काठी से छोटा या बड़ा नहीं अपने कर्म व विचारों से महान होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



गांधी जयंती के अवसर पर मधुर साहित्य परिषद की विचार गोष्ठी दंतेश्वरी मंदिर परिसर डौंडी लोहारा में हुई। इस अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री व महात्मा गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के संबंध में चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.अशोक आकाश ने की, संचालन संस्था के महासचिव देवजोशी गुलाब ने किया।

विचार गोष्ठी की शुरुआत हर्षा देवांगन ने बापू के स्वच्छ भारत का सपना के बारे में बात रखते हुए की।वीरेन्द्र कुमार अजनबी ने दोनों विभूतियों की महानता के बारे में कहा कि कद काठी से कोई छोटा या बड़ा नहीं होता बल्कि मनुष्य अपने कर्म एवं विचारों से महान होता है। देवरी बंगला से आये अजय कुमार चौहान ने अपनी कविता के माध्यम से लाल बहादुर शास्त्री जी की जीवनी बताई तथा महात्मा गांधी के विचारों एवं आदर्शों के विपरीत हो रहे लोकाचार पर कटाक्ष किया। मधुर साहित्य परिषद इकाई डौंडी लोहारा के अध्यक्ष कन्हैया लाल बारले ने कहा कि गांधी जी उच्च कोटि के लेखक भी थे।

बचपन में देखी राजा हरिश्चंद्र के नाटक से सत्य से उनका साक्षात्कार हुआ था उन्हीं के आधार पर जीवन भर सत्य का पालन किया। लियो टालस्टाय की वार एंड पीस नामक उपन्यास को पढ़कर उन्होंने अहिंसा को अपनाया। तोषण कुमार चुरेंद्र ने अपनी छंद बद्ध रचनाओं से शास्त्री एवं गांधी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का बखान किया। मधुर साहित्य परिषद जिला बालोद के अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक डॉ अशोक आकाश ने कहा कि महात्मा गांधी को महात्मा ऐसे ही नहीं कहा जाता है। वे जन जन की भलाई के लिए, भारत को आजादी दिलाने के लिए सत्य और अहिंसा को अपनाते हुए संघर्षरत रहे। अंत में परिषद के महासचिव देव जोशी गुलाब ने लाल बहादुर शास्त्री की शालीनता, निर्भीकता आत्मनिर्भरता, ईमानदारी जैसे अनेक गुणों की सत्य घटनाओं पर चर्चा की। उसके बाद गांधी जी के विचारों को बताया कि विश्वास को तर्क के साथ तोलना चाहिए। इंसान को अपना विचार तोल तोल कर बोलना चाहिए। सभी साहित्यकारों ने शास्त्री एवं गांधी जी के प्रति काव्यांजलि अर्पित की। कन्हैया लाल बारले ने आभार व्यक्त किया।

# नरेगा के अपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ जिपं सीईओ ने विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने 1 अक्टूबर को जिला पंचायत के सभाकक्ष में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत प्रगतिरत विकास कार्यों की समीक्षा की।

डॉ. कन्नौजे ने राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत समस्त अपूर्ण कार्यों को विशेष प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में नरेगा, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं पंचायत विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021–22 एवं 2022–23 तक के समस्त अपूर्ण कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही लाईन डिपार्टमेंट के विभाग प्रमुख के साथ जनपद सीईओ व कार्यक्रम अधिकारी को अपूर्ण कार्यों का फील्ड विजिट करते हुए समय–सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। सीईओ कन्नौजे ने आदर्श अमृत सरोवर के निर्माण में वृक्षारोपण, सामुदायिक शौचालय, पाथवे, बेंच, सोलर लाईट, घाट इत्यादि निर्माण कर सौंदर्याकरण एवं आजीविका संबंधी विभिन्न घटको के संबंध में समीक्षा की गई। जिले में स्वीकृत आंगनबाड़ी भवन, नवीन पंचायत भवन, सेग्रीग्रेशन शेड एवं वृक्षारोपण कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी जनपद सीईओ एवं कार्यक्रम अधिकारी को फील्ड विजिट करते हुए पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) अंतर्गत लखपति दीदी पहल की समीक्षा की गई। एसएचजी बैंक क्रेडिट लिंकेज की समीक्षा करते हुए बैंकों में 10 अक्टूबर तक 75 प्रतिशत प्रकरण बैंक में प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत संबंधित अधिकारियों को पूर्व वित्तीय वर्ष 2016–17 से 2023–24 तक स्वीकृत प्रथम किश्त प्राप्त अपूर्ण, निर्माणाधीन आवासों के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

# पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज ने दी नवरात्रि की शुभकामनाएं



**अंडा।** पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने प्रदेशवासियों को श्रद्धा और भक्ति के पावन पर्व नवरात्रि की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में मां दुर्गा की उपासना का अत्यधिक महत्व है। मां दुर्गा शक्ति की अधिष्ठात्री देवी हैं। नौ दिनों तक माँ दुर्गा के नौ रूपों के अनुष्ठान का यह पर्व रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्यों के प्रति हमें प्रेरणा प्रदान करता है। नवरात्रि के आगमन पर उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। श्री साहू नवरात्रि के प्रथम दिवस ग्राम कोलिहापुरी में विराजित माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना में शामिल होकर प्रदेश और क्षेत्र की सुख समृद्धि और ख़ुशहाली की कामना की। इस अवसर पर जनपद सदस्य ज्ञानेश्वर मिश्रा, सरपंच ज्वाला प्रसाद देशमुख उपस्थित थे।

# गाड़ियों से सड़क जर्जर, डस्ट से रोड डिवाइडर में लगे पेड़-पौधे भी मर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शदाणी दरबार के सामने बोरियाकला हाउसिंग बोर्ड से लगे कंक्रीट मिक्चर क्रशर प्लांट में चलने वाली भारी कैप्सूल गाड़ियों के कारण कालोनीवासियों की परेशानी बढ़ी हुई है। इन गाड़ियों के कारण हाउसिंग बोर्ड कालोनी में आने-जाने वाली सड़क जहां जर्जर होने से आवागमन में परेशानी आ रही है, भारी गाड़ियों के चलने से काला व सफेद डस्ट हवा में उड़कर लोगों के घरों तक जा रहा है। इस डस्ट के कारण क्षेत्र को हरा-भरा एवं सौंदर्यीकरण करने रोड डिवाइडर पर लगाए गए पेड़-पौधे भी मरने लगे हैं।

हाउसिंग बोर्ड कालोनी बोरियकला के कुछ रहवासियों ने हरिभूमि से इस संबंध में शिकायत की थी, जिसके बाद टीम ने हाउसिंग बोर्ड कालोनी में जाकर इसकी पड़ताल की। इस पड़ताल से पता चला कि हाउसिंग बोर्ड कालोनी और प्लांट जाने एक ही सड़क है। इस सड़क के बीच में डिवाइडर बनाया गया है, जिसमें सौंदर्यीकरण करने वृक्षारोपण किया गया है। इस डिवाइडर में सैकड़ों छोटे-बड़े पेड़ लगे हुए हैं, जो इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को हरियाली का अहसास कराता है, लेकिन प्लांट और कालोनी जाने का एक ही रास्ता होने के कारण इस मार्ग की दोनों तरफ की सड़क भारी गाड़ियों के गुजरने से जर्जर हो रही है।

यही नहीं, प्लांट और उसकी गाड़ियों के कारण यहां हवा में उड़ कर काला-सफेद डस्ट पेड़-पौधों पर भी बैठ रहा है, जिसके कारण कई पेड़-पौधों से हरियाली गायब हो गई है। कई पेड़ तो सूख चुके हैं। यह डस्ट प्लांट से लगे कई घरों तक पहुंच रहा है, जिसके कारण लोगों के घर की सफाई का काम भी बढ़ गया है। हर रोज घर की छत, आंगन व दीवारों की सफाई करना या कराना पड़ रहा है।



### नियम के अनुसार प्लांट जाने का अलग रास्ता होना चाहिए

ग्रीन्सवील बोरियाकला रेसिडेंट वेलफेर सोसाइटी के अध्यक्ष केवीआर मूर्ति ने बताया कि नियम के अनुसार क्रशर प्लांट का रास्ता अलग होना चाहिए। इस नियम के तहत प्लांट के लिए अलग रास्ता है या नहीं, इसकी जानकारी कोई दे नहीं रहा है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर पूर्व में जिला कलेक्टर, हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर से भी शिकायत की गई है, लेकिन अब तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# 70 हजार से ज्यादा राशन कार्ड का नवीनीकरण नहीं, फंसा केवाईसी का पेंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में अब तक 70 हजार 445 राशन कार्ड धारकों ने नवीनीकरण नहीं कराया है। इन कार्डों के 5 लाख 16 हजार 350 सदस्य हैं, जिन्होंने अब तक अपना ई-केवाइसी भी नहीं कराया है। केवाइसी का काम पूरे भारत में चल रहा है, वहीं नवीनीकरण का काम छत्तीसगढ़ में सरकार बदलने के बाद से शुरू हुआ है। केवाइसी के लिए अब तक केंद्र सरकार ने अंतिम तारीख घोषित नहीं की है, लेकिन नवीनीकरण के लिए शासन ने 31 अक्टूबर निर्धारित किया है। इसके बाद नवीनीकरण का काम पूरी तरह से बंद हो जाएगा। विभागीय अधिकारियों की मानें, तो आगामी दिनों में उन्हीं कार्ड धारकों को खाद्यान्न मिलेगा, जिन्होंने नवीनीकरण करा लिया है, क्योंकि इसके बाद राशन दुकानों में नए कार्ड से ही धारक को खाद्यान्न वितरण किया जाना है।

### नवीनीकरण के बाद नया कार्ड मिलने तक पुराना मान्य



निर्धारित तारीख तक नवीनीकरण करा चुके कार्ड धारकों को ही राशन दुकानों से खाद्यान मिल पाएगा। नवीनीकरण कराने के बाद जब तक नया कार्ड बनकर धारक को मिल नहीं जाता, तब तक पुराना कार्ड मान्य रहेगा। नया कार्ड मिलने के बाद पुराना कार्ड अमान्य हो जाएगा। यही कारण है कि कार्ड धारक को नया कार्ड देने के दिन ही पुराना कार्ड जमा कराया जा रहा है।

**नवीनीकरण नहीं कराने वालों में 55 हजार से ज्यादा एपीएल धारक :** विभागीय सूत्रों के अनुसार जिले में नवीनीकरण नहीं कराने कार्ड धारकों में 55 हजार से ज्यादा एपीएल धारक हैं। नवीनीकरण का काम विधानसभा चुनाव 2023 के बाद से शुरू हुआ है। इस बीच लोकसभा चुनाव के कारण दो महीने तक नवीनीकरण का काम आचार संहिता के कारण बंद रहा। लोकसभा चुनाव के बाद नवीनीकरण का काम दोबारा शुरू किया गया। इसके बाद नवीनीकरण की अंतिम तारीख करीब दो से तीन बार बढ़ाई जा चुकी है, लेकिन इसके बाद भी छूटे कार्ड धारक नवीनीकरण कराने में रुचि नहीं ले रहे हैं।

### रायपुर निगम क्षेत्र में 2 लाख 90 हजार से अधिक सदस्यों ने नहीं कराया केवाइसी

जिले में कुल 21 लाख 86 हजार 883 कार्ड सदस्य हैं। इनमें केवाइसी नहीं कराने वाले सदस्यों में सर्वाधिक रायपुर के हैं। यहां 9 लाख 91 हजार 316 कार्ड सदस्य हैं, जिनमें से 2 लाख 90 हजार 866 सदस्यों ने अब तक केवाइसी नहीं कराया है। इसी प्रकार अभनपुर में 35376, धरसींवा 41806, आरंग 61535, तिल्दा 36648, माना 2800, गोबरानवापारा 6710, तिल्दा नेवरा 9698, खरोरा 2803, बिरगांव 19149, कुरा 1792 आदि के कार्ड सदस्य शामिल हैं।

### ई-केवाइसी-नवीनीकरण कराना अनिवार्य

ई-केवाइसी और नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। केवाइसी के बाद ही नवीनीकरण होना है। नवीनीकरण का काम 31 अक्टूबर के बाद बंद हो जाएगा। इसके बाद नवीनीकरण करा चुके कार्ड धारकों को ही दुकानों से खाद्यान्न मिलना है। परेशानी से बचने के लिए छूटे लोगों को समय रहते कराना होगा नवीनीकरण।

- भूपेंद्र मिश्रा,
जिला खाद्य नियंत्रक, रायपुर

## न्याय यात्रा सड्डू से होते हुए पंडरी के रास्ते शहर के अंदर हुई दाखिल

# न्याय यात्रा के जाम में फंसे शहरवासी, व्यस्त मार्गों पर जाम की स्थिति रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस की न्याय यात्रा का बुधवार को समापन हुआ। यात्रा सड्डू से होते हुए गांधी मैदान पहुंची। न्याय यात्रा के कारण शहर के व्यस्त मार्गों पर जाम की स्थिति रही। लोग जाम में बुरी तरह से फंसे रहे। उमस की वजह से जाम में फंसे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोग अपने गंतव्य तक पहुंचने गलियों का सहारा ले रहे थे। इसके कारण गलियों के अंदर भी वाहन फंसते रहे।

गौरतलब है कि न्याय यात्रा सड्डू से होते हुए पंडरी के रास्ते शहर के अंदर दाखिल हुई। इसके चलते विधानसभा मार्ग पर बसों का आवाजाही रोक दी गई थी। साथ ही विधानसभा से सड्डू आने वाले मार्ग पर छोटे मालवाहक वाहनों की आवाजाही रोक दी गई थी। न्याय यात्रा के कारण रेलवे स्टेशन तथा अस्पताल जाने वाले लोगों को मुसीबतों का सामना करना पड़ा।



### सुबह यात्रा निकलने से थोड़ी राहत

न्याय यात्रा सुबह साढ़े नौ बजे सड्डू स्थित अमर मैरिज पैलेस से शुरू हुई। इसके चलते लोगों को थोड़ी राहत मिली। यात्रा के शास्त्री चौक से पहले तक ऑफिस जाने वालों की आवाजाही शुरू हो गई थी। इसके कारण शास्त्री चौक पर लोगों को जाम का सामना करना पड़ा। नलघर चौक मार्ग को न्याय यात्रा के कारण मंगलवार रात से बंद कर दिया गया था।

### घंटों पहले मोवा, पंडरी मार्ग बंद

न्याय यात्रा में कार्यकर्ताओं की भीड़ तथा यात्रा में शामिल होने वाले नेताओं को ध्यान में रखते हुए मोवा, पंडरी मार्ग को सुबह पहले वन वे किया गया, जिसे बाद में बंद कर दिया गया। इस वजह से मोवा से पंडरी आने वाले लोगों को आवाजाही करने में परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों को वैकल्पिक रास्ते से शहर आना पड़ा।

### शास्त्री चौक पर लोग जाम में फंसे

न्याय यात्रा की वजह से शास्त्री चौक पर कलोक्टोरेट तथा जयस्तंभ चौक से आवाजाही करने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शास्त्री चौक से न्याय यात्रा गुजरने के बाद ट्रैफिक पुलिस को ट्रैफिक क्लीन कराने मशक्कत करनी पड़ी। न्याय यात्रा के कारण बिजली ऑफिस चौक, कालीबाड़ी में जाम की स्थिति रही।

## खबर संक्षेप



### टेकापार ने जीती चिलमगोटा में आयोजित कबड्डी स्पर्धा

**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम चिलमगोटा (रेंगाडबरी) में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार टेकापार की टीम ने जीता। द्वितीय पुरस्कार अड़मागोंदी, तृतीय रायगढ़, चतुर्थ पुरस्कार जुंगेरा की टीम को मिला। समापन समारोह में होरीलाल रावटे दारासिंग भौसार्य, सरपंच ललेश्वरी भुआर्य, माखनलाल भुआर्य, अमिरदास कृषाणे, तुलेश्वर साहू, निरंजन पडौती सहित समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति में खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### पेंशनरों की बैठक 5 को

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील शाखा डौण्डीलोहारा की बैठक 05 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से नया पेंशनर भवन, परियोजना कार्यालय के सामने डौण्डीलोहारा में रखी गई है। बैठक में बालोद जिला एवं तहसील डौण्डीलोहारा की सदस्यता पूर्ण करने, गत माह का आय-व्यय का हिसाब, बालोद जिला के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की जानकारी के साथ डौण्डीलोहारा खण्ड से निर्वाचित पदाधिकारी का परिचय एवं स्वागत किया जाएगा। साथ ही तहसील के रिक्त पदों की पूर्ति की जाएगी। नवम्बर माह में जीवित प्रमाण पत्र भराया जाएगा जिसके लिए आवश्यक दस्तावेज के संबंध में जानकारी दी जाएगी। अध्यक्ष सियाराम शार्वा ने सभी पेंशनरों से बैठक में शामिल होने का आग्रह किया है।

### स्वच्छता के लिए हर सप्ताह 2 घंटे करें श्रमदान : चंद्रवाल

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में स्थित उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर कलेक्टर चन्द्रवाल ने अधिकारी–कर्मचारियों को संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में स्वच्छता के प्रति सजग रहने तथा इस कार्य में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने अधिकारी–कर्मचारियों को हर वर्ष 100 घंटे यानि हर सप्ताह 2 घण्टे श्रमदान करके स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर अधिकारी–कर्मचारियों ने गंदगी नहीं करने एवं किसी को भी गंदगी नहीं करने देने की शपथ ली।

### युवक के साथ लूटपाट, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** बाइक से अपने घर जा रहे युवक के साथ लूट की वारदात हो गई। घटना में अज्ञात युवकों के खिलाफ शिकायत के बाद पुलिस ने धारा 115 (2),296,3 (5), 304, 324 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि चेतन देवांगन एचडीएन मोटर्स टाटीबंध रायपुर में एक्सीडेंटल डिपार्ट में काम है। 30 सितंबर को रायपुर से अपनी बाइक सीजी 07 एवी 4905 से घर जामुल लौट रहा था।

---

**आयोजन :** डोर टू डोर कचरा संग्रहण से प्राप्त प्लास्टिक का किया जाएगा उचित प्रबंधन

# सिवनी में लगा प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट गांधी जयंती पर कलेक्टर ने किया उद्घाटन







हरिभूमि न्यूज:बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे सहित पवन साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बुधवार को महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम सिवनी में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का शुभारंभ किया गया।

उल्लेखनीय है कि यह प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेट यूनिट प्लास्टिक से बने चीजों के वेस्ट मैनेजमेंट के साथ–साथ यहाँ काम करने वाले स्वसहायता समूह के महिलाओं के बेहतर आमदनी का महत्वपूर्ण जरिया बनेगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि बालोद विकासखण्ड के सभी गांवों में डोर टू डोर कचरा संग्रहण के कार्य के अंतर्गत संग्रहित किए गए प्लास्टिक वेस्ट को ग्राम सिवनी के इस यूनिट में लाकर उनका उचित प्रबंधन किया जाएगा। यहाँ पर प्लास्टिक वेस्ट के प्रबंधन कार्य में लगे स्वसहायता समूह के महिलाओं के द्वारा प्लास्टिक वेस्ट का सेग्रीगेशन कर उसमें से उपयोगी बोतल, ढक्कन, तांबा आदि चीजों को एकत्र किया जाएगा। इसके पश्चात इसकी बिक्री की भी उचित व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसमें से तांबा, तार आदि चीजें बहुत कीमती होती है। इन चीजों की बिक्री की उचित व्यवस्था होने से इस कार्य में लगे महिलाओं को अच्छी खासी आमदनी हो सकेगी।

### जिले के सभी विकासखण्डों में की जाएगी एक-एक यूनिट की स्थापना

डॉ. कन्नौजे ने बताया कि इस प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट के महिलाओं को जिला मुख्यालय बालोद में स्थित एसएलआरएम सेंटर में भेजकर वेस्ट मैनेजमेंट तथा सेग्रीगेशन के कार्यों का प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बालोद विकासखण्ड में सिवनी के अलावा जिले के सभी विकासखण्डों में 01–01 प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट की स्थापना की जा रही है। इसके लिए जिले के सभी विकासखण्डों के पंचायतों की मैपिंग भी की गई है। इस अवसर पर कलेक्टर चन्द्रवाल ने इस प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट इकाई का संचालन करने वाली महिलाओं से बातचीत कर उनके कार्यों के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य कृतिका साहू एवं ललिता पीमन साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

---

# भाठागांव आर उद्वहन सिंचाई योजना से औरी के खेतों की बुझेगी प्यास : बघेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

■ गांधी जयंती पर औरी पहुंचे सांसद ने दिया आश्वासन

गांधी जयंती के अवसर पर सांसद विजय बघेल ग्राम औरी पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने 2013 में संतु साहू द्वारा निर्मित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही भाजपा के सदस्यता अभियान में जुड़कर लोगों से रूबरू हुए। साथ में भाजपा के तीनों उत्तर मध्य दक्षिण मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, खेमलाल साहू, लोकमनी चंद्राकर, महामंत्री तेजेंद्र पिपरिया, कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, शासकीय कालेज जामगांव आर अध्यक्ष नरेश केला, मंडल उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू, जामगांव आर सोसायटी अध्यक्ष भगवान सिंह चंद्राकर भानुप्रिया शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान किसान नेता भगवान सिंह चंद्राकर ने भाठागांव आर उद्वहन सिंचाई योजना से औरी पानी पहुंचाकर किसानों के खेतों की प्यास बुझाने की मांग की। उन्होंने बताया कि पंचायत मुख्यालय बोरवाय तक लिफ्ट का पानी आता है, लेकिन औरी नहीं पहुंचता। उन्होंने बताया कि उद्वहन से पानी औरी पहुंचने के लिए मुआवजा पूर्ण होकर नाली निर्माण हो चुका है। पानी सप्लाई नहीं होने के कारण नाली समतल स्थिति में आ चुकी है, जिसकी माकूल व्यवस्था होते ही पानी औरी के किसानों को मिलना प्रारंभ हो जायेगा।

### भाजपा है किसानों की हितैषी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा कि भाजपा किसानों की हितैषी है। हमारे भाजपा नेता भगवान सिंह चंद्राकर द्वारा भाठागांव उद्वहन सिंचाई से औरी तक पानी की मांग जायज है। हम पूरा प्रयास करेंगे। भाजपा के ग्राम से लेकर संसद तक नेता गांव के विकास की चिंता करता है, इसका उदाहरण इस मंच पर है। यही भाजपा की विशेषता है। इसलिए भाजपा विकास के लिए प्रतिबद्धता दिखती है। कार्यक्रम में संतु साहू, नरेश केला, अंगेश्वर साहू, प्रह्लाद साहू, चेला राम साहू, चंद्रिका चंद्राकर, हीरालाल चंद्राकर, सिरेंद्र साहू, दुर्गेश यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

---

## राजस्व में वृद्धि के लिए करें पुख्ता उपाय, सीएसआर मद से संबंधित क्षेत्रों में करें



**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिले के गौण खनिज पट्टेधारी, अनुज्ञाधारी एवं परिवहनकर्ताओं की बैठक लेकर उनके द्वारा राजस्व आय में वृद्धि के लिए किए जा रहे उपायों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी गौण खनिज पट्टेधारी, अनुज्ञाधारी एवं परिवहनकर्ताओं को गौण खनिज से जुड़े कार्यों में समुचित आय में वृद्धि के लिए पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने बैठक में उपस्थित पट्टेधारी एवं अनुज्ञाधारियों से गौण खनिज के अंतर्गत फर्शी पत्थर, चूना पत्थर, मिट्टी एवं ईंट से जुड़े कार्यों के अंतर्गत कुल प्राप्त राजस्व के संबंध में जानकारी ली। बैठक में चन्द्रवाल ने पट्टेधारी एवं अनुज्ञाधारियों को सीएसआर मद के अंतर्गत संबंधित क्षेत्रों के विकास तथा वहाँ की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आवश्यक कार्य करने के निर्देश भी दिए। इसके अंतर्गत उन्होंने संबंधित क्षेत्रों में ग्रामीणों की मांग और आवश्यकतानुसार पेयजल व्यवस्था, इलाज आदि की व्यवस्था तथा शिक्षा आदि के क्षेत्र में भी अनिवार्य रूप से कार्य करने को कहा। चन्द्रवाल ने जिला खनिज अधिकारी को जिले में गौण खनिज के कार्यों के अंतर्गत राजस्व आय में वृद्धि के लिए लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें हासिल करने के लिए योजना बनाने के भी निर्देश दिए।

---

# 15 दिनों में बदल गई ब्लैक स्पॉट की तस्वीर

## स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान की गई चिन्हित स्थानों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




कलेक्टर चन्द्रवाल के निर्देशानुसार 17 सितम्बर से प्रारंभ स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के अंतर्गत जिले में कचरे के जमाव तथा साफ–सफाई के अभाव वाले ब्लैक स्पॉट को चिह्नित कर उनकी समुचित साफ–सफाई की गई है। परिणाम स्वरूप कुछ दिन पूर्व तक कचरों के जमाव रहने वाले यह स्थान साफ-सुथरे नजर आ रहे हैं।

समाज एवं जीवन में स्वच्छता के महत्व को इस बात से ही समझा जा सकता है कि कुछ समय पहले तक कचरों के जमाव के कारण लोग इन स्थानों पर जाने के लिए भी कतराते थे। लेकिन आज सभी की सहभागिता से इन स्थानों की नियमित साफ–सफाई से इनका स्वरूप पूरी तरह से परिवर्तन हो गया है। इन स्थानों की समुचित साफ–सफाई से इसके स्वरूप में अमूलचूल परिवर्तन हो गया है। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने समाज के सभी वर्गों के सक्रिय भागीदारी के फलस्वरूप जिले के कचरे के जमाव वाले ब्लैक स्पॉटों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के कार्य में सफलता मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। चन्द्रवाल ने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में हम सभी के द्वारा किए गए छोटा सा योगदान भी समाज में बड़ा बदलाव एवं परिवर्तन का आधार बन सकता है।

### इन स्थानों पर की गई सफाई

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत बालोद विकासखण्ड के ग्राम झलमला के बस स्टैण्ड के पिछले हिस्से, गुरूर विकासखण्ड के ग्राम भोथली एवं भरदा तथा जिले के अन्य ब्लैक स्पॉट को चिह्नित कर इनका समुचित साफ–सफाई की गई है। जिसके परिणाम स्वरूप यह स्थान बहुत ही स्वच्छ एवं सुंदर नजर आ रहा है और सफाई के पूर्व एवं सफाई के पश्चात इन स्थानों की स्वरूप में बहुत अंतर दिखाई दे रहा है।

### इन स्थानों पर की गई सफाई

नगरीय निकाय क्षेत्रों के अंतर्गत नगर पालिका परिषद बालोद में वार्ड क्रमांक 02 दशहरा तालाब के किनारे तथा वार्ड क्रमांक 07 काशीबन तालाब के समीप साफ–सफाई कर उसे बेहतर ढंग से संवारा गया है। इसी नगर पालिका परिषद दल्लीराहजरा में गांधी चौक, जैन भवन के पास, नगर पंचायत डौण्डी राम मंदिर के पीछे, नगर पंचायत गुरूर में वार्ड क्रमांक 03, नगर पंचायत डौण्डीलोहारा में वार्ड क्रमांक 14, नगर पंचायत चिखलाकसा में इंदिरा कॉलोनी, नगर पंचायत अर्जुंदा में बस स्टैण्ड के पीछे और नगर पंचायत गुण्डरदेही में चैनगंज के ब्लैक स्पॉट को चिह्नित कर साफ–सफाई की गई है। जिसके परिणाम स्वरूप यह स्थान स्वच्छ एवं सुंदर नजर आ रहा है और सफाई के पूर्व एवं सफाई के पश्चात इन स्थानों के स्वरूप में बहुत अंतर दिखाई दे रहा है।



---

## रिस्क न लें, मरीजों का प्राथमिक उपचार करें, समझ न आए तो बड़े अस्पताल में रेफर कर दें

■ निजी चिकित्सक संघ गुरुर की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने दी सलाह

**गुरूर।** निजी चिकित्सक संघ ब्लॉक गुरुर की मासिक बैठक साहू सदन गुरूर में हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरुर के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील भारती थे, अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष डॉ लीलाराम बनपेला ने की। विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष एवं ब्लॉक के संरक्षक डॉ हरिकृष्ण गंजीर, जिला अध्यक्ष डॉ गोपाल साहू, डॉ सुमन मित्तल, डॉ नवीन वर्मा, डॉ विजय वच्छानी, डॉ केएस भाटिया, ब्लॉक गुण्डरदेही अध्यक्ष डॉ रोहित साहू, कोषाध्यक्ष निजी चिकित्सा संघ बालोद डॉ बलराम साहू थे। स्वागत भाषण में ब्लॉक अध्यक्ष डॉ लीला राम बनपेला ने संघ की गतिविधियों की जानकारी दी। प्रदेश अध्यक्ष डॉ गंजीर ने संघ के रचनात्मक कार्यों को बताया। उन्होंने सभी चिकित्सकों से अनुरोध किया कि रिस्क केस नहीं लेना है। हमें सिर्फ प्राथमिक उपचार कर, जो मरीज समझ में नहीं आ रहा है, उसे बड़े अस्पताल में रिफर कर देना है। उन्होंने सभी चिकित्सकों को संगठित होकर रहने के लिए कहा गया।

### बीएमओ ने कहा, दायरे में रहकर करें काम

मुख्य अतिथि डॉ सुनील भारती ने कहा कि आप सभी दायरे में रहकर काम करें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों में सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम का संचालन डॉ परदेसी राम ठाकुर और आभार प्रदर्शन डॉ झुमुकलाल सार्वा ने किया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक डॉ नारद राम साहू, अध्यक्ष डॉ लीला राम बनपेला, डॉ झुमुक सार्वा, डॉ देवा सार्वा, डॉ हेमंत ग्वालेन्द, डॉ नरोत्तम लाल साहू, डॉ उमेंद राम निषाद, डॉ देवव्रत यादव एवं संघ के पदाधिकारी, पूर्व पदाधिकारी एवं शक्ति केंद्र के संयोजक सहसंयोजक एवं निजी चिकित्सा संघ ब्लॉक गुरुर के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

---

## तात्कालिक भाषण में गीतांजलि प्रथम




**जामगांव आर।** सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा विभाग स्तरीय संस्कृति महोत्सव खैरागढ़ में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर कक्षा द्वादश की छात्रा गीतांजलि ने पांच जिला स्तर पर आयोजित स्पर्धा में तात्कालिक भाषण में प्रथम स्थान पर सम्मानित हुई। बहन गीतांजली कक्षा द्वादश तात्कालिक भाषण में प्रथम आने पर विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)




## बटरेल के ग्रामीणों को सांसद बघेल ने दी विकासकार्यों की सौगात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

ग्राम बटरेल में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर रामधुनी प्रतियोगिता हुई। इस अवसर पर गांव पहुंचे मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। अध्यक्षता पूर्व विधायक डा दयाराम साहू ने की। सरपंच अभयराम ठाकुर, उप सरपंच खेमिन साहू ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर श्री बघेल ने सीसी रोड 5.60 लाख, नाली निर्माण 1.95 लाख, दर्री तालाब में बोर खनन 1.95 लाख का भूमिपूजन किया। वहीं, सीसी रोड 4.50 लाख, सीसी रोड सतनामी पर 200 लाख, पचडी. निर्माण माता तालाब 2.10 लाख, पचड़ी निर्माण 1.13 लाख जनपद निधि का लोकार्पण किया।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### चंडी माता मंदिर में जगमगाई 292 ज्योति

**गुण्डरदेही।** शारदीय नवरात्रि के पहले दिन नगर पंचायत गुण्डरदेही के हटरी बाजार में स्थित चंडी माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर ज्योति कलश की स्थापना की गई। इस नवरात्रि में कुल 292 ज्योति कलश की स्थापना की गई है।

### मां भरारीपाठ मंदिर में 89 ज्योति कलश स्थापित



**गुण्डरदेही।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर ग्राम बोरगहन (फूण्डा) में माँ भरारीपाठ मंदिर में 89 ज्योति कलश प्रज्वलित की गई है। लोगों की मान्यता है कि ग्राम बोरगहन स्थित माँ भरारीपाठ में ज्योति जलाकर मांगने वाली मनोकामना बहुत जल्द पूरी होती है। इसीलिए यहाँ जलने वाली ज्योति की संख्या प्रतिवर्ष बढ़ती जा रही है।

इस अवसर पर सरपंच संतराम चंद्राकर, रामखिलावन साहू, राम बालक साहू, जगत राम साहू, अंजु राम साहू, रमेश विश्वकर्मा, चैतु राम साहू, अनुज राम साहू एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### बोरगहन स्कूल में छन्नूलाल ने कराया न्योता भोज



**बालोद/कलंगपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला बोरगहन में छन्नूलाल साहू द्वारा अपने पिता कृपा राम साहू एवं माता बैसाखिन साहू के श्राद्ध पर स्कूल के बच्चों को न्योता भोज कराया। इस अवसर पर प्रधानपाठक केवल साहू, ओम शंकर निषाद सहित स्कूल के सभी स्टाफ उपस्थित थे।

### अरमरीखुर्द रिवागहन में सांसद बघेल ने किया लोकार्पण व भूमिपूजन



**जामगांव आर।** अरमरीखुर्द रिवागहन में गांधी जयंती के अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, जिपं सदस्य हर्षा चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, खेमलाल साहू, लोकमनी चंद्राकर, जनपद सदस्य झरना साहू, रवि सिन्हा के साथ कमलेश साहू, नारद साहू, भगवान सिंह चंद्राकर, तेजेंद्र पिपरिया, निर्मल जैन सहित अनेक भाजपा नेता एवं ग्रामीण उपस्थित थे। इन निर्माण कार्यों में ग्राम रिवागहन में सामुदायिक भवन, कला मंच के साथ ही अरमरीखुर्द में शेड निर्माण शामिल हैं।

**कार्यक्रम :** स्वच्छता ही सेवा अभियान के समापन समारोह का किया गया आयोजन

# जिले में स्वच्छता के क्षेत्र उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छाग्रहियों व विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद







महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को जिला मुख्यालय बालोद के टॉउन हॉल में स्वच्छता ही सेवा अभियान के समापन समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव सहित कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, जिला पंचायत सदस्य कृतिका साहू एवं ललिता पीमन साहू सहित शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय बालोद के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अमित चोपड़ा एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। समारोह में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों के अलावा जिले के प्रत्येक विकासखण्डों के स्वच्छाग्रहियों एवं स्कूली विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभान्वित हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति पत्र, चेक एवं पूर्णता प्रमाणपत्र का भी वितरण किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन ने महात्मा गांधी एवं स्व. शास्त्री के राष्ट्र व समाज के निर्माण में उनके योगदानों पर प्रकाश डालते हुए इन दोनों महापुरूषों को सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया। भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू ने दोनों महान विभूतियों को प्रेरणा पुंज बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरगामी एवं व्यापक सोच के परिणाम स्वरूप 2014 से प्रारंभ स्वच्छता अभियान आज एक जन आंदोलन के रूप ले चुका है।



**कलेक्टर ने दिलाई स्वच्छता की शपथः** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि स्वच्छता को एक व्यक्ति विशेष का कार्य नहीं मानते हुए इसे एक जन आंदोलन बनाए जाने की आवश्यकता है। तभी स्वच्छता का यह महत्वपूर्ण अभियान पूरी तरह से फलीभूत हो पाएगी।

उन्होंने साफ-सफाई के लिए किसी विशेष दिवस का इंतजार न करते हुए उनकी शुरूआत आज से और स्वयं से करने को कहा। चन्द्रवाल ने कहा कि हमारी छोटी-छोटी आदतें वृहद एवं बेहतर परिणाम का आधार बन सकती हैं। श्री चन्द्रवाल ने स्वच्छता के लिए सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने तथा स्वयं कभी गंदगी नहीं करने तथा दूसरों को भी गंदगी नहीं करने देने की शपथ दिलाई।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने अचौद और खुटेरी में चलाया स्वच्छता अभियान



**बालोद/कलंगपुर।** महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत गांव में स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर भाजपा मण्डल गुण्डरदेही के शक्ति केंद्र अचौद एवं खुटेरी (भट.) में स्वच्छता अभियान चलाते हुए कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों के साथ मिलकर सड़कों एवं चौराहों की सफाई की। इस दौरान पर भाजपा के अचौद शक्ति केंद्र संयोजक मोपेन्द्र कुमार साहू, बूथ अध्यक्ष दुलार ठाकुर, प्राण साहू, ईश्वर साहू, उमेंद यादव, खुटेरी (भट.) के तोमन साहू, नागेंद्र साहू सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### सोनाईडोंगरी में महिला समूह ने की सफाई



**गुरूर।** ग्राम सोनाईडोंगरी में महिला स्व सहायता समूह द्वारा गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर समूह की महिलाओं ने गांव की गली, चौक चौराहों को स्वच्छ बनाने के लिए सफाई की। महिलाओं द्वारा प्रति सप्ताह गांव के प्रत्येक घर से कूड़ा करकट को इकट्ठा किया जा रहा है, गांव की प्रत्येक गलियों की सफाई, सार्वजनिक स्थल, को सफाई करने का जिम्मा उठाया गया। स्वच्छता अभियान में समूह की सदस्य चंद्रिका जामुनकर, ग्वालिन बाई, गिरिजा, परमेश्वरी इंद्रोतीन कीर्ति, खिलेंद्री, रजवंतीन, रामेश्वरी सुधो बाई, सोनबती, रेणुका राणा का सहयोग रहा।

## स्कूल कॉलेजों तथा शासकीय कार्यालयों में की गई सफाई







**बालोद।** महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर जिले के विभिन्न शासकीय कार्यालयों के अलावा विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थानों पर जनप्रतिनिधियों, गणमान्यजनों, अधिकारी-कर्मचारियों, स्कूली विद्यार्थियों तथा आम नागरिकों ने स्वच्छता अभियान में अपनी सहभागिता निभाई। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले के शासकीय कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्यालयों की साफ-सफाई की। इसके अलावा जिले के स्कूलों, आश्रम छात्रावासों में भी वहाँ के कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान के अंतर्गत साफ-सफाई की। इसी क्रम में जिला व्यापार उद्योग केन्द्र, सहायक संचालक मछली पालन विभाग, उप संचालक कृषि, श्रम पदाधिकारी एवं अन्य कार्यालयों में भी अधिकारी-कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्यालयों की साफ-सफाई की।

### कोलिहामार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में की गई साफ-सफाई



**गुरूर।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतिम दिन भाजपा मण्डल गुरूर, स्वास्थ्य कर्मचारियों एवं ग्राम पंचायत कोलिहामार द्वारा संयुक्त रूप से सफाई अभियान चलाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर की सफाई की गई। इस दौरान स्वच्छता पखवाड़ा के संयोजक याद राम साहू, भाजपा मण्डल अध्यक्ष कौशल साहू, नंदकिशोर शर्मा, ईशा प्रकाश साहू, हरिओम श्याम, अजेन्द्र साहू, स्वास्थ विभाग से डॉ जीआर रावटे, नेत्र सहायक अनिल सिन्हा, सरपंच कोलिहामार लेखक चतुर्वेदी, केशर गजपाल, धनराज पटेल के नेतृत्व मे भाजपा कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कर्मचारियों एवं ग्राम पंचायत कोलिहामार के ग्रामीणों ने अस्पताल परिसर की सफाई की। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों द्वारा फैलाए गए कचरे को भी साफ कर दुकानदारो को अपने कचरों को व्यवस्थित व निर्धारित स्थल पर ही डालने का आग्रह किया।

### आत्मानंद स्कूल निपानी में मनाई गई गांधी व शास्त्री जी की जयंती

**लाटाबोड़।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय निपानी में महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर देश के प्रति उनके त्याग, बलिदान और संघर्षों को याद किया गया। इस अवसर पर शाला में भाषण, निबंध, पोस्टर मेकिंग, स्मार्ट बोर्ड द्वारा गांधी जी का जीवन परिचय की झलक दिखाई गई। इसके साथ ही अपनी संस्था तथा गांव, शहर एवं देश को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर शिक्षक सुनिधि शर्मा, किरण गजेंद्र, नेहा रामटेके, पूजा जग्गा, शिल्पी मुखर्जी, रेखा साहू, यादराम साहू, निर्मला देवी, महिमा श्रीवास्तव, वी ईश्वर राव, अर्पणा साहू, नगमा परवीन, प्रियंका डे, मानसी यदु, दानवीर कंवर, रीनिता ताम्रकार ग्रंथपाल सहित सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।




### एनएसएस के स्वयंसेवकों ने दिया नशामुक्ति का संदेश

**बालोद/सिकोसा।** शासकीय नवीन महाविद्यालय बेलोदी में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने रैली निकालकर गाँव का भ्रमण किया तथा विभिन्न स्थानों की साफ सफाई की। इस दौरान स्वयं सेवकों ने लोगों को नशामुक्ति का संदेश भी दिया। इसके साथ ही गांधी जयंती के अवसर पर स्वयं सेवकों ने स्वच्छता एवं नशामुक्ति की शपथ ली। महाविद्यालय के कैम्पस में 200 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य सीएल ठाकुर, डॉ. दीनदयाल दिल्लीवार, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीप देवांगन, राहुल उपाध्याय, समस्त स्टाफ तथा समस्त स्वयं सेवक टिंकल गजेंद्र, डामेश्वरी, रोहण संजना, शैलेन्द्र, सुमन उपस्थित थे।



### पसौद में डेढ़ सौ साल पुराने मंदिर का हुआ जीर्णोद्धार

**लाटाबोड़।** गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पसौद के ग्रामीणों द्वारा शीतला माता के लगभग 150 साल पुराने मंदिर का जीर्णोधार किया गया है। जीर्णोद्धार के बाद नवरात्रि पर मंदिर का उद्घाटन किया गया।

ग्राम पसौद निवासी छन्नू साहू ग्रामीण अध्यक्ष मुंशीराम साहू, सचिव सुरेन्द्र ठाकुर कोषाध्यक्ष जानूराम राय ने बताया कि मां शीलता माता मंदिर लगभग 150 वर्ष पुराने हो गया था, जिसक कारण उनकी दीवारों में दरारें आ चुकी थी। मंदिर की जर्जर होती स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों ने बैठक लेकर मंदिर के जीर्णोधार करने का निर्णय लिया। उसके बाद जनसहयोग जीर्णोद्धार कार्य शुरू किया गया। ग्रामीणों ने श्रमदान भी किया। वहीं, मंदिर निर्माण के बाद साफ सफाई के साथ रंग रोगन कर साज-सज्जा की गई। इसके साथ ही जीर्ण-शीर्ण हो चुकी कुछ मूर्तियों के स्थान पर नई मूर्तियां स्थापित की गईं। बैगा कामता निषाद ने बताया कि मंदिर निर्माण के बाद वर्तमान में क्वांर नवरात्रि पर्व को विशेष बनाने के लिए ग्राम के लोगों द्वारा स्वेच्छा से 28 तेल ज्योति कलश के साथ ही ज्योत जंवारा की स्थापना की गई है।



### चित्रकला प्रतियोगिता में जामगांव आर की तन्नू प्रथम

**जामगांव आर।** सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा विभाग स्तरीय संस्कृति महोत्सव खैरागढ़ में आयोजित किया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम में दुर्ग, राजनांदगांव, कवर्धा, बेमेतरा, बालोद के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों के 302 और 110 छात्र शिशु वर्ग, बाल वर्ग, किशोर वर्ग और तरुण वर्ग के विद्यार्थियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। कला संगीत की धरा खैरागढ़ में आयोजित संस्कृति महोत्सव में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर कक्षा अष्टम की छात्र तन्नु साहू ने संभाग स्तर पर चित्रकला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। संरक्षक रोशनी साहू एवं दिव्या चंद्राकर ने बताया कि तन्नू एकाग्रचित होकर चित्र बनाती है। तन्नू ने शहीद भगत सिंह का चित्र हूबहू बनाया।






### धनेली बोड़रा में जय मारिया रामधुनी मंडली का कार्यक्रम 8 को

**गुरूर।** नवदुर्गा उत्सव सेवा समिति धनेली बोड़रा द्वारा शारदीय नवरात्र पर्व पर देवी पूजन एवं ज्योति कलश स्थापना का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर 8 अक्टूबर को जय मारिया रामधुनी मंडली का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर तोशण लाल साहू होंगे, अध्यक्षता संरक्षक युवा कांग्रेस बालोद पूर्व विधायक प्रतिनिधि गुरूर राजा राजपूत करेंगे।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

**भाजपा मंडल गुरुर के शक्ति केंद्र मोहारा में चला अभियान**

# मुड़पार में 100 लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

भाजपा मंडल गुरुर के शक्ति केंद्र मोहारा के आश्रित ग्राम मुड़पार में भाजपा द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू थे, अध्यक्षता भाजपा मंडल गुरुर अध्यक्ष कौशल साहू ने की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जुड़ने के लिए लोग आतुर हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आप सभी से मेरा निवेदन है कि आप भी बीजेपी की सदस्यता ग्रहण करें और गांव का विकास करें। कौशल साहू और नंदकिशोर शर्मा ने भाजपा की रीति-नीति को समझाया। इस दौरान मुड़पार से लगभग 100 नये सदस्य भाजपा में जुड़े। कार्यक्रम में नंदकिशोर शर्मा, आदित्य पिपरे, सरपंच नंदनी ठाकुर, डॉ हरिकृष्ण गंजीर, नीलकंठ साहू, अशोक कुमार साहू, केशव रामधनकर, ढंगू राम हिरवानी, डॉ रोहित कुमार साहू, मदनलाल साहू, डोमन साहू, रवि कुमार साहू, लोकनाथ साहू सहित ग्राम विकास समिति, ग्राम पंचायत और महिला कमांडो के सदस्य तथा ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ हरिकृष्ण गंजीर और आभार प्रदर्शन सरपंच ग्राम पंचायत जेवरतला ने किया।



### ग्राम मटिया में 50 लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

**बालोद/कलंगपुर।** जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने सदस्यता अभियान के तहत भाजपा गुण्डरदेही मंडल के ग्राम मटिया में लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस दौरान उन्होंने मटिया बूथ पर घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया और मिसकॉल व फार्म भरवाकर लगभग 50 लोगों को भाजपा से जोड़ा। पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने कहा कि भाजपा के सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए जिले व मंडल के सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमें जो लक्ष्य मिला है उसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी वर्ग के लोग भारतीय जनता पार्टी से जुड़ रहे हैं। भाजपा सबका साथ सबका विकास के साथ कार्य कर रही है, मोदी सरकार ने गरीब कल्याण योजनाओं को प्राथमिकता दी है, सरकार की योजनाओं का लाभ सभी वर्ग के लोगों को मिला है, जिसके फ्लस्वरूप लोग स्वतः भाजपा से जुड़ रहे हैं।



online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411